- शाखीय अभिक्रम का मुख्य लक्ष्य = निदान एवं उपचार करना
- मैथेटिक्स अभिक्रम का मुख्य लक्ष्य =पाठ्यवस्तु पर स्वामित्व प्राप्त करना

76. उत्तर (1)

व्याख्या:-

- **बाइनिंग & बाइनिंग** – इसमें शिक्षक द्वारा कक्षा तथा छात्रों के एक वर्ग का उस समय निरीक्षण किया जाता है जब वे अपनी डेस्कों या मेजों पर कार्य करते रहते हैं।

77. उत्तर (1)

व्याख्या:-

- आगमन विधि में अनुभवों प्रयोगों व उदाहरणों का अध्ययन करके नियम बनाये जाते हैं।
- यह परिकल्पना विकास की ओर ले जाती है।
- यह विशिष्ट सामान्य की ओर बढ़ती है।
- यह खोज की एक विधि है।

78. उत्तर (3)

व्याख्या:-

दल शिक्षण की विशेषताएं –

- दल शिक्षण में, दो या दो से अधिक शिक्षक मिलकर एक ही समूह या कक्षा को पढ़ाते हैं।'पूरक शिक्षण' इसका एक महत्वपूर्ण स्वरूप है, जिसका अर्थ है कि शिक्षक एक-दूसरे के शिक्षण की पूर्ति या सहायता करते हैं।
- एक शिक्षक मुख्य व्याख्यान देता है, जबकि दूसरा शिक्षक महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं को रेखांकित करता है और दूसरा मूल्यांकन करता है पूरक शिक्षण को सबसे अच्छे से दर्शाता है :
- मुख्य शिक्षक : मुख्य व्याख्यान देता है, जो विषय-वस्तु को प्रस्तुत करने का प्राथमिक कार्य है।
- पूरक शिक्षक 1 : महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं को रेखांकित करता है। यह मुख्य शिक्षण को दृश्य सहायता प्रदान करता है और छात्रों को नोट्स बनाने में मदद करता है।

कलाम ACADEMY

पूरक शिक्षक 2 : मूल्यांकन करता है। यह छात्रों की समझ को तत्काल जांचता है, प्रश्न पूछ सकता है, या असाइनमेंट चेक कर सकता है।

79. उत्तर (3)

व्याख्या:-

- सूक्ष्म शिक्षण एक ऐसी तकनीक है जिसका उद्देश्य विशिष्ट शिक्षण कौशलों को विकसित करना है।
- इस पूरी प्रक्रिया में प्रतिपुष्टि सबसे मुख्य और महत्वपूर्ण चरण होता है।
- प्रतिपुष्टि का उद्देश्य केवल गलतियों को बताना नहीं होता, बल्कि यह प्रशिक्षु शिक्षक को उनके प्रदर्शन के बारे में विस्तृत जानकारी देती है, जिससे उन्हें यह पता चलता है कि उन्होंने क्या अच्छा किया और किन क्षेत्रों में उन्हें सुधार करने की आवश्यकता है।
- यह जानकारी ही शिक्षक को अगले चरण (पुन: योजना, पुन: शिक्षण और पुन: प्रतिपुष्टि) में अपने कौशल को परिष्कृत करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती है, जो कि सूक्ष्म शिक्षण का अंतिम लक्ष्य है।

80. उत्तर (4)

व्याख्या:-

पाठ्यपुस्तक विधि

- स्व अध्ययन की आदत का निर्माण होता है।
- विषय वस्तु क्रमबद्ध होने के कारण छात्रों के पढ़ने के दृष्टिकोण का विकास होता है।
- स्मरण शक्ति का विकास होता है।

81. उत्तर (2)

व्याख्या:-

प्रायोजना विधि के आधारभूत सिद्धांत-

- करके सीखने का सिद्धांत (Learning by Doing)
- जीवन से सीखने का सिद्धांत (Learning by Living)
- सहयोग और सहभागिता का सिद्धांत (Learning by Co-operation & Association)
- स्वतंत्रता का सिद्धांत
- वास्तविकता का सिद्धांत
- सोद्देश्य का सिद्धांत

82. उत्तर (3)

व्याख्या:-

प्रश्नावली विधि-

- प्रश्नावली छोटे-छोटे प्रश्नों की एक सूची होती है, जिसके द्वारा उत्तर देने वाले व्यक्तियों से उनके दिये गये उत्तरों के माध्यम से आवश्यक सूचनाएँ एकत्रित की जाती है।
- **बोगार्डस**- 'प्रश्नावली प्रश्नों की एक सूची है, जो कई व्यक्तियों को उत्तर हेतु दी जाती है।'
- इस विधि का जनक सर फ्रांसिस गेल्टन है।
- जी. स्टैनली हॉल ने इस विधि को लोकप्रिय बनाया।
- आर. एस. वुडवर्थ ने मनोविज्ञान के क्षेत्र प्रथम पर्सनल डेटा इन्वेन्टरी का निर्माण किया जिसे प्रश्नावली विधि का प्रारंभिक रूप माना जाता है।

83. उत्तर (2)

व्याख्या:-

प्रश्नोत्तर विधि-

- इस विधि में विद्यार्थी प्रश्न पूछता भी है साथ ही प्रश्नों के उत्तर भी देता है।
- इस विधि में छात्र व अध्यापक दोनों ही सक्रिय रहते है। जिससे विद्यार्थियों की रुचि व जिज्ञासा बनी रहती है।
- प्रश्नोत्तर विधि को संवाद विधि (Socratic method) भी कहा जाता है इस विधि के जनक प्रसिद्ध दार्शनिक सुकरात है।

84. उत्तर (4)

व्याख्या:-

शैक्षिक भ्रमण विधि-

- उच्च प्राथमिक स्तर पर भूगोल शिक्षण के लिए शैक्षिक भ्रमण विधि सबसे उपयोगी रहती है। क्योंकि इस विधि द्वारा **प्रत्यक्ष अनुभव, निरीक्षण क्षमता, अनौपचारिक शिक्षण, रुचिपूर्ण अधिगम, सामाजिक गुणों** का विकास होता हैं।

कलाम ACADEMY

85. उत्तर (4)

व्याख्या:-

- कोल्डवेलकुक के अनुसार 'खेल बालक की स्वाभाविक प्रवृत्ति है जितना मन बालक का खेल में लगता है और किसी कार्य में नहीं।'

86. उत्तर (3)

व्याख्या:-

वर्तमान समय में प्रयोजना विधि से शिक्षण के दौरान मुख्यत: या सामान्यत: 6 पदों का अनुसरण किया जाता है जो निम्न है -

- परिस्थिति प्रदान करना (Providing a Situation)
- प्रोजेक्ट का चुनाव और उसके उद्देश्य का स्पष्टीकरण (Choosing of Project & Defining it's purpose)
- परियोजना का नियोजन/कार्यक्रम बनाना (Planning of the Project)
- प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन (Execution of the Project)
- प्रोजेक्ट का मूल्यांकन (Evaluation of the Project)
- प्रोजेक्ट का अभिलेखन/आलेखन (Recording of the Project)

87. उत्तर (1)

व्याख्या:-

- **मस्तिष्क उद्वेलन विधि की प्रक्रिया :-** यह एक ऐसी विधि है जिसमें ऐसे साधन प्रयोग किये जाते हैं जो छात्रों के मस्तिष्क में ज्ञान प्राप्ति तथा चिंतन के प्रति हलचल मचा देते हैं। इसमें छात्रों के समक्ष एक समस्या प्रस्तुत की जाती है जिस पर सभी छात्र स्वतंत्रतापूर्वक विचार करते हैं, वार्तालाप तथा वाद-विवाद करते हैं। शिक्षक सभी विचारों को श्यामपट्ट पर लिखता चला जाता है, छात्र सभी तर्कों का सारांश देता है।

  अचानक से समस्या का हल छात्रों को मिल जाता है। यह छात्रों में चिंतन विकसित करती है और उन्हें समस्या के विश्लेषण, संश्लेषण तथा मूल्यांकन में प्रशिक्षण प्रदान करती है।

  इस विधि में विद्यार्थियों का एक ग्रुप या समूह बनाकर उनके सामने एक समस्या रखी जाती है तथा सभी सदस्यों का उस समस्या से संबंधित उनके मस्तिष्क में आने वाले विचारों को प्रकट करने की बिना किसी रोक-टोक एवं सही गलत के पूर्ण स्वतंत्रता दी जाती है एवं प्राप्त विचारों पर परिचर्चा उपरांत प्राप्त निष्कर्ष को समस्या के हल के रूप में स्वीकार कर लिया जाता है।

88. उत्तर (4)

व्याख्या:-

प्रायोजना विधि के गुण:-

- यह एक मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित विधि है जिसमें बालक को केन्द्र मानकर अधिगम करवाया जाता है।
- यह प्रयोगात्मक एवं व्यावहारिक विधि है। यह विधि **करके सीखना** (Learning by doing) एवं **जीवन से सीखना** (Learning by Living) आदि सिद्धांतों पर आधारित है।
- यह सीखने की प्रजातांत्रिक/लोकतांत्रिक विधि है। इसमें विद्यार्थी अपने ढंग से कार्य करन हेतु स्वतंत्र होता है।
- इस विधि में जिस प्रोजेक्ट पर कार्य किया जाता है वह जीवनोपयोगी एवं वास्तविक होता है।
- यह विधि समवायी रूप से शिक्षण देने की आदर्श विधि है। इसमें प्रोजेक्ट का चुनाव समवाय के तीन महत्वपूर्ण केन्द्रों **उद्योग, सामाजिक एवं प्राकृतिक परिवेश** से चुना जाता है।

प्रायोजना विधि के दोष/सीमाएँ-

- यह विधि अत्यधिक महंगी है।
- छात्रों के अनुपात में उच्च प्रशिक्षित अध्यापक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है।
- इस विधि से शिक्षण में बहुत अधिक समय लगता है। इस विधि से सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को नहीं पढ़ाया जा सकता है।
- इसमें अध्यापक से अत्यधिक अपेक्षा एवं आशा बढ़ जाती है जिससे अध्यापक का कार्य बहुत बढ़ जाता है।
- व्यावहारिक न होने के कारण यह विधि अधिक प्रचलन में नहीं है।
- छोटे बच्चों के लिए अनुपयुक्त।

89. उत्तर (3)

व्याख्या:-

- **समस्या समाधान विधि-** इस विधि में विद्यार्थी के समक्ष कोई विशेष समस्या या कठिनाई या परिस्थिति रखी जाती है जिसका विद्यार्थी मानसिक क्रियाओं द्वारा हल ढूंढने का प्रयास करता है।

90. उत्तर (4)

व्याख्या:-

अनुसंधान विधि के सिद्धांत -

1. करके सीखने का सिद्धांत (क्रियाशीलता का सिद्धान्त)
2. उपयोगिता का सिद्धांत
3. स्वतंत्रता का सिद्धांत

4. तार्किक चिन्तन एवं अन्तर्दृष्टि का सिद्धांत
5. वैज्ञानिकता एवं मनोवैज्ञानिकता का सिद्धान्त

91. उत्तर (2)

व्याख्या-

- सर्वप्रथम स्वदेशी और बहिष्कार को संघर्ष की विधि के रूप में भारतीयों द्वारा बंगाल विभाजन के विरुद्ध हुए स्वदेशी आन्दोलन में अपनाया गया था।

92. उत्तर (1)

व्याख्या-

- 1907 में कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन ताप्ती नदी के तट पर सूरत में हुआ, जिसकी अध्यक्षता को लेकर गरमपंथियों और नरमपंथियों में मतभेद उत्पन्न हो गया। गरमपंथी लाला लाजपत राय को अध्यक्ष बनाना चाहते थे। लेकिन नरमपंथियों ने रास बिहारी घोष को अध्यक्ष बनाया।
- इसके बाद गमरपंथियों को कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया। उस सूरत की फूट को एनीबेसेंट ने कांग्रेस के इतिहास की सबसे दु:खद घटना बताया।

93. उत्तर (4)

व्याख्या-

- गांधीजी ने स्वयं सितम्बर, 1920 में कांग्रेस के कलकत्ता के विशेष अधिवेशन में असहयोग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। लेकिन सी.आर. दास ने इस प्रस्ताव का विरोध किया था।
- असहयोग आन्दोलन में सर्वाधिक प्रभाव विदेश से होने वाले विदेशी कपड़े के आयात पर पड़ा था।
- असहयोग आन्दोलन के दौरान आन्ध्रप्रदेश के गुंटूर जिले में आदिवासी तथा किसानों के द्वारा असहयोग आन्दोलन के समर्थन में वन सत्याग्रह चलाया गया।
- चौरी-चौरा की घटना के पश्चात् 12 फरवरी 1922 को बारदोली में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में असहयोग आन्दोलन को वापस ले लिया गया था।

94. उत्तर (3)

व्याख्या-

- 1919 के भारत सरकार अधिनियम के प्रभावों की समीक्षा करने के लिए ब्रिटिश सरकार ने 1927 में सर जॉन साइमन की अध्यक्षता में एक कमीशन बनाया इस कमीशन में 7 सदस्य थे जो कि सभी अंग्रेज थे।
- यह कमीशन 3 फरवरी 1928 को बम्बई पहुँचा जहाँ इसके विरोध में काले झण्डे दिखाकर साइमन वापस जाओ के नारे लगाए गए।
- इस कमीशन का समर्थन मुस्लिम लीग के शफी गुट, जस्टिस पार्टी, यूनियनिस्ट पार्टी ने किया।
- इस कमीशन का विरोध करने वाले संगठनों में कांग्रेस, हिन्दू महासभा, लिबरल फेडरेशन, किसान मजदूर पार्टी, कम्यूनिस्ट पार्टी व मुस्लिम लीग का जिन्ना गुट शामिल थे।

95. उत्तर (3)

व्याख्या-

- 1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन के समय बलिया में चितू पांडे (पहली) और सतारा में नाना पाटिल के नेतृत्व में सर्वाधिक समय (1943-1946) तक चलने वाली समानान्तर सरकार बनीं थी। इसी समय मिदनापुर में जातीय सरकार भी बनीं थी।

96. उत्तर (3)

व्याख्या-

- महात्मा गांधी ने यंग इंडिया के माध्यम से वायस रॉय के समक्ष जनवरी, 1930 में 11 सूत्रीय मांग रखी, जिन्हें 11 मार्च तक स्वीकृत करने का समय दिया गया था। लेकिन मांगों को स्वीकार ने किए जाने पर गांधीजी ने सविनय अवज्ञा आन्दोलन चलाने का निश्चय किया और 12 मार्च, 1930 को दांडी यात्रा आरंभ कर 6 अप्रैल, 1930 को नमक कानून तोड़ा।
- सविनय अवज्ञा आन्दोलन के दौरान जे.एम. सेनगुप्ता ने बंगाल में अखिल बंगाल सविनय अवज्ञा परिषद का गठन किया।
- सविनय अवज्ञा आन्दोलन के दौरान मध्य प्रान्त में जबलपुर में सेठ गोविंददास ने रासायनिक नमक बनाने का प्रयास किया था।
- इसी दौरान बिहार में 'चौकीदारी कर' न देने का आन्दोलन चलाया गया था।
- मद्रास में 12 मार्च को सविनय अवज्ञा उद्घाटन दिवस के रूप में मनाया गया था।

कलाम ACADEMY

97. उत्तर (2)

व्याख्या-

- 20 फरवरी, 1947 को ब्रिटिश प्रधानमंत्री एटली ने संसद में घोषणा की कि 30 जून, 1948 तक भारत को स्वतंत्रता दे दी जायेगी।

98. उत्तर (2)

व्याख्या-

- 2 सितम्बर, 1946 को पंडित नेहरू के नेतृत्व में 14 सदस्यीय अंतरिम सरकार का गठन हुआ, जिसमें अध्यक्ष के पद पर स्वयं गवर्नर जनरल और उपाध्यक्ष पंडित नेहरू बने थे।

99. उत्तर (2)

व्याख्या-

- रोलेक्ट एक्ट एवं डॉ. सत्यपाल एवं सैफुद्दीन किचलु की गिरफ्तारी के विरोध में 13 अप्रैल, 1919 को वैशाखी के दिन जलियावाला बाग में एक सभा का आयोजन किया गया, जिस पर सेना के अधिकारी जनरल डायर ने बिना चेतावनी के गोलियां चलवा दी। जिसमें सरकारी रिपोर्ट के अनुसार 379 लोग मारे गए। लेकिन वास्तव में मरने वालों की संख्या 1000 से अधिक थी।
- जलियावाला बाग हत्याकांड के विरोध में शंकरन नायर ने वायसराय की कार्यकारिणी से त्यागपत्र दे दिया तथा रविन्द्रनाथ टैगोर ने अपनी 'नाइटहुड' की उपाधि लौटा दी।

100. उत्तर (3)

व्याख्या-

- माउन्टबेटन ने 3 जून, 1947 को भारत के विभाजन और स्वतंत्रता से संबंधित एक योजना प्रस्तुत की जिसे 3 जून योजना या माउन्टबेटन योजना के नाम से भी जाना जाता है।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने इस योजना का विरोध किया था।

101. उत्तर (4)

व्याख्या-

- बंगाल विभाजन के विरोध में स्वदेशी आन्दोलन चलाया गया, इस आन्दोलन में स्वदेशी राष्ट्रीय शिक्षा, स्वदेशी उद्यमों और भारतीय भाषाओं के उपयोग को बढ़ावा दिया गया।
- स्वदेशी आन्दोलन को आन्ध्रप्रदेश डेल्टा क्षेत्र में 'वन्दे मातरम' आन्दोलन के नाम से जाना जाता है।
- स्वदेशी आन्दोलन के दौरान अवनीन्द्रनाथ टैगोर ने भारत माता का चित्र बनाया था।

102. उत्तर (3)

व्याख्या-

- 1919 के भारत शासन अधिनियम के तहत होने वाले चुनावों को लेकर कांग्रेस में मतभेद उत्पन्न हो गए तथा कांग्रेस परिवर्तनवादी व अपरिवर्तनवादी दो गुटों में बट गयी।

परिवर्तनवादी	अपरिवर्तनवादी
कौंसिल के चुनावों में भाग लेने के पक्षधर	कौंसिल के चुनावों में भाग लेने के विरोधी
प्रमुख नेता : सी.आर. दास, मोतीलाल नेहरू, विठ्ठल भाई पटेल,हकीम अजमल खाँ आदि।	प्रमुख नेता : वल्लभभाई पटेल, राजेन्द्र प्रसाद, डॉ. अंसारी, सी. राजगोपालाचारी आदि।

103. उत्तर (1)

व्याख्या-

- अंतर्राष्ट्रीय समाजवादी कांग्रेस का द्वितीय सम्मेलन स्टुटगार्ड (जर्मनी) में हुआ। जिसमें मैडम भीखाजी कामा ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

104. उत्तर (1)

व्याख्या-

- 23 दिसम्बर 1912 को दिल्ली के चांदनी चौक में वायसराय हॉर्डिंग पर बम फेंका जिसमें अभियुक्तों पर दिल्ली षड्यंत्र केस चलाकर अमीरचन्द्र अवधबिहारी, बालमुकुन्द और बसन्त कुमार को फाँसी की सजा दी गई तथा रासबिहारी बोस भागने में सफल रहे।

105. उत्तर (2)

व्याख्या-

- फरवरी, 1932 में कलकत्ता विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में **बीनादास** ने गवर्नर पर गोली चला दी थी।

106. उत्तर (3)

व्याख्या-

- चम्पारन सत्याग्रह- 1917 ई.
- अहमदाबाद मिल मजदूर आन्दोलन- फरवरी 1918 ई.
- खेड़ा किसान आन्दोलन- मार्च 1918 ई.

107. उत्तर (1)

व्याख्या-

- कांग्रेस का 1916 में लखनऊ अधिवेशन अंबिका चरण मजूमदार के नेतृत्व में हुआ। इस अधिवेशन में बाल गंगाधर तिलक तथा मोहम्मद अली जिन्ना के प्रयासों से कांग्रेस एवं मुस्लिम लीग के मध्य लखनऊ समझौता हुआ। जिसमें 1909 के अधिवेशन के तहत की गई साम्प्रदायिक निर्वाचन प्रणाली को कांग्रेस द्वारा स्वीकार किया गया।

108. उत्तर (4)

व्याख्या-

- प्रथम विश्व युद्ध के दौरान भारत में क्रांतिकारी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सिडनी रॉलेट की अध्यक्षता में 1917 में सेडिशन (राजद्रोह) कमेटी का गठन किया गया जिसे रॉलेट कमेटी के नाम से जाना जाता है।
- भारतीयों ने इसे काला कानून की संज्ञा दी थी।
- रॉलेट एक्ट के विरोध में गांधीजी ने 6 अप्रैल, 1919 को रॉलेट सत्याग्रह चलाया जो अखिल भारतीय स्तर पर गांधीजी द्वारा चलाया गया प्रथम सत्याग्रह था।
- रॉलेट एक्ट तथा डॉ. सत्यपाल एवं सैफुद्दीन किचलु की गिरफ्तारी के विरोध में जलियावाला बाग में हो रही सभा पर 13 अप्रैल, 1919 में जनरल डायर द्वारा गोलियां चलाई गई। जिसे 'जलियावाला बाग' हत्याकांड कहा जाता है।

109. उत्तर (2)

व्याख्या-

- 1919 में खिलाफत आन्दोलन भारतीय मुसलमानों द्वारा तुर्की के खलीफा के सम्मान में चलाया गया था। तुर्की का खलीफा मुस्लिम जगत का धार्मिक रूप से प्रमुख था।
- इस आन्दोलन का नेतृत्व अली बन्दुओं (मौलाना शौकत अली, मौलाना मुहम्मद अली) ने किया।

110. उत्तर (3)

व्याख्या-

- 1925 ई. में कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन की अध्यक्षता सरोजनी नायडू ने की थी। जो कि कांग्रेस के अधिवेशन की अध्यक्षता करने वाली प्रथम भारतीय महिला थी।

111. उत्तर (2)

व्याख्या-

- साइमन कमीशन का विरोध करने पर भारत सचिव बर्केन हेड की चुनौती को स्वीकार करते हुए भारतीय दलों ने मोतीलाल नेहरू की अध्यक्षता में 1928 में एक 10 सदस्य समिति का गठन किया गया, जिसे नेहरू समिति कहा जाता है।
- इस समिति में जवाहरलाल नेहरू, सुभाषचंद्र बोस, एन.एम. जोशी, तेज बहादुर सप्रू, सर अली इमाम, सरदार मंगल सिंह, एन.एस. अणे, आर. प्रधान एवं शोएब कुरैशी सदस्य थे।
- इस समिति ने अपनी रिपोर्ट (नेहरू रिपोर्ट) 10 अगस्त 1928 को प्रस्तुत कि जिसमें साम्प्रदायिक निर्वाचन प्रणाली को समाप्त करने तथा भारत को डोमिनियन स्टेटस का दर्जा देने आदि की मांग की।

112. उत्तर (2)

व्याख्या-

- अगस्त प्रस्ताव- अगस्त, 1940
- व्यक्तिगत सत्याग्रह- अक्टूबर, 1940
- क्रिप्स मिशन- मार्च, 1942
- राजगोपालाचारी योजना- 1944

113. उत्तर (4)

व्याख्या-

- आजाद हिंद बचाव समिति का गठन 1945 में कांग्रेस द्वारा, आजाद हिंद फौज के अधिकारियों को लाल किले के मुकदमें में उनकी पैरवी करने के लिए किया गया। इस समिति में भूलाभाई देसाई के नेतृत्व में आशिफ अली, जवाहरलाल नेहरू, तेज बहादुर सप्रू आदि वकील शामिल थे।

114. उत्तर (3)

व्याख्या-

- कमलादेवी चट्टोपाध्याय के कहने पर गांधीजी ने सविनय अवज्ञा आन्दोलन में महिलाओं को शामिल किया।
- द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में कांग्रेस का नेतृत्व महात्मा गांधी ने किया, इस सम्मेलन में महात्मा गांधी और भीमराव अम्बेडकर के मध्य वैचारिक मतभेद हुए।
- गांधीजी की पहली महत्वपूर्ण सार्वजनिक उपस्थिति 1916 में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में हुई।

कलाम ACADEMY

- 1946 में नौआखली में हुई साम्प्रदायिक हिंसाओं के विरुद्ध महात्मा गांधी ने सत्याग्रह किया था।

115. उत्तर (2)

व्याख्या-

- रास बिहारी बोस के नेतृत्व में 21 फरवरी 1915 को सशस्त्र विद्रोह की योजना बनायी जिसकी भनक समयपूर्व ब्रिटिश सरकार को लग गई।
- अंग्रेज सरकार ने गदर दल के नेताओं पर मुकदमा चलाकर करतार सिंह सरावा, विष्णु पिंगले आदि को मृत्यु दंड दिया।

116. उत्तर (4)

व्याख्या-

- सुभाषचंद्र बोस ने 1938 में जे.एल. नेहरू की अध्यक्षता में राष्ट्रीय योजना समिति का गठन किया था।
- सुभाषचंद्र बोस ने मई 1939 में फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की।
- सुभाषचंद्र बोस ने सर्वप्रथम जयहिंद का नारा दिया था।
- 21 अक्टूबर 1943 को सिंगापुर के कैथहाल में सुभाषचन्द्र बोस ने अस्थायी भारतीय सरकार की स्थापना की जिसको जापान, जर्मनी, इटली, बर्मा, चीन, थाइलैंड, फिलीपींस, मंचूरिया आदि देशों ने मान्यता प्रदान की।

117. उत्तर (3)

व्याख्या-

- सितम्बर 1928 को दिल्ली के फिरोजशाह कोटला में चन्द्रशेखर आजाद की अध्यक्षता में हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन की स्थापना की जिसमें भगत सिंह, जतिन दास, अजय घोष, राजगुरु, सुखदेव आदि शामिल थे।
- HSRA के सदस्यों (चन्द्रशेखर, यशपाल, भगवतीचरण) ने वायसराय इर्विन को कोल्हापुर से दिल्ली ट्रेन यात्रा के दौरान उड़ाने की योजना बनाई तथा 23 दिसम्बर 1929 के दिन इस योजना को अंजाम दिया गया।

118. उत्तर (4)

व्याख्या-

- असहयोग आन्दोलन के दौरान गांधीजी ने एक वर्ष में स्वराज दिलाने की बात कही थी।
- असहयोग आन्दोलन के दौरान आसाम बागान मजदूरों ने गांधी महाराज की जय के नारे लगाते हुए बागान मालिकों से वेतन वृद्धि की मांग की।

119. उत्तर (1)

व्याख्या-

- भारत छोड़ो आन्दोलन की शुरूआत अगस्त 1942 में हुई। उड़ीसा के आदिवासी क्षेत्रों में भारत छोड़ो आन्दोलन का नेतृत्व वीर लखन नायक ने किया था।

120. उत्तर (2)

व्याख्या-

- महात्मा गांधी ने दलित सुधार के लिए 1932 में अखिल भारतीय अस्पृश्यता विरोधी लीग की स्थापना की, जिसका प्रथम अध्यक्ष घनश्यामदास बिड़ला को बनाया गया।

121. उत्तर (1)

व्याख्या-

- वेवेल योजना पर विचार करने के लिये भारतीय राजनैतिक दलों का एक सम्मेलन शिमला में बुलाया गया जो 24 जून 1945 से 14 जुलाई 1945 तक चला।
- इस सम्मेलन में भारतीय राजनैतिक दलों के 21 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था।
- मौलाना अबुल कलाम आजाद ने इस सम्मेलन को महान जल विभाजक की संज्ञा दी।

कलाम ACADEMY

122. उत्तर (1)

व्याख्या-

- 1919 भारत शासन अधिनियम के तहत सिखों, ईसाइयों, यूरोपीयों, आंग्ल-भारतीयों को पृथक निर्वाचन प्रतिनिधित्व का अधिकार दिया गया।
- 1909 के अधिनियम के द्वारा मुस्लिमों को पृथक निर्वाचन का अधिकार दिया गया।
- 1932 के साम्प्रदायिक पंचाट द्वारा ब्रिटिश सरकार ने दलितों (हरिजन) को पृथक निर्वाचन का अधिकार दिया।
- 26 सितम्बर, 1932 के पूना पेक्ट के द्वारा कांग्रेस ने दलितों (हरिजन) के लिए प्रान्तीय विधानमंडलों में 148 सीटों पर आरक्षण तथा केन्द्रीय विधानमंडल में 18 प्रतिशत सीटें आरक्षित की।

123. उत्तर (1)

व्याख्या-

- सुभाषचंद्र बोस को पहली बार कांग्रेसी कार्यकारिणी में सितम्बर 1929 में नियुक्त किया गया था।

124. उत्तर (4)

व्याख्या-

- द्वितीय लाहौर षडयंत्र केस का आधिकारिक नाम क्राउन वर्सेज सुखदेव था।
- भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को 23 मार्च 1931 को द्वितीय लाहौर षड्यंत्र केस के संदर्भ में फाँसी की सजा हुई थी।

125. उत्तर (3)

व्याख्या-

- 1907 के सूरत अधिवेशन में कांग्रेस का विभाजन हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर नरमदल और गरमदल में मतभेद उत्पन्न हो गए थे। गरमदल लाला लाजपत राय को अध्यक्ष बनाना चाहते थे, लेकिन नरमदल ने रासबिहारी घोष को अध्यक्ष बनवा दिया।

126. उत्तर (1)

व्याख्या-

पिट्सबर्ग - यंगसटाउन - क्लीवलैण्ड औद्योगिक प्रदेश-

- यह पूर्वी USA से लेकर ईरी झील तक स्थित है।
- इस प्रदेश में लौह इस्पात उद्योग का विकास हुआ है।
- **पिट्सबर्ग** पूरे विश्व में लम्बे समय तक लौह इस्पात उद्योग के सबसे बड़े केन्द्र के रूप में प्रसिद्ध रहा है। परन्तु वर्तमान में इसका महत्व कम हो गया है। अत: इसे **'जंग के कटोरे'** के नाम से जाना जाता है।

127. उत्तर (4)

व्याख्या-

विश्व के प्रमुख पोत निर्माण औद्योगिक केन्द्र-

- लेनिनग्राद/सेंट पिट्सबर्ग (रूस)
- याकोहामा (जापान)
- ग्लासगो (स्कॉटलैंड)
- बेलफास्ट (यूके)
- ब्रिस्टल (यूके) - जलयान व वायुयान निर्माण केन्द्र

नोट- जोहांसबर्ग (द. अफ्रीका) सोने से संबंधित निर्माण उद्योग का केन्द्र है।

128. उत्तर (3)

व्याख्या-

- लॉरेंस सार औद्योगिक प्रदेश - लौह इस्पात उद्योग का केन्द्र जो की फ्रांस तथा जर्मनी में स्थित है।

129. उत्तर (2)

व्याख्या-

- चीन स्थित केण्टन औद्योगिक प्रदेश जलयान निर्माण, मिशीनी उपकरण निर्माण का प्रमुख केन्द्र है।
- यह औद्योगिक प्रदेश चीन के दक्षिणी पूर्वी भाग में स्थित है, जहाँ इलेक्ट्रॉनिक उद्योगों का विकास भी हुआ है।

130. उत्तर (1)

व्याख्या-

जापान स्थित प्रमुख औद्योगिक प्रदेश-



131. उत्तर (2)

व्याख्या-

- कनाडा के ऑन्टेरियो तथा सेंट लॉरेस औद्योगिक प्रदेश लौह इस्पात उद्योग का केन्द्र है। यहाँ स्थित विंडसर जिसे कनाडा का डेट्रॉइट कहा जाता है।

132. उत्तर (2)

व्याख्या-

USA स्थित पश्चिमी तटीय औद्योगिक प्रदेश-

- यहाँ विभिन्न उद्योगों के निम्न केन्द्र हैं-

(i) लॉस-एंजिल्स- हॉलीवुड फिल्म उद्योग हेतु।

(ii) सेन फ्रांसिस्को- कम्प्यूट सॉफ्टवेयर उद्येग हेतु

नोट: कैलिफोर्निया- इस क्षेत्र को **सिलिकॉन वैली** के नाम से जाना जाता है।

(iii) सिएटल- वायुयान उद्योग हेतु।

133. उत्तर (4)

व्याख्या-

USA स्थित शिकागो-गैरी औद्योगिक प्रदेश-

- यह मिशिगन झील के तटीय भागों में स्थित है।
- यहाँ शिकागो, गैरी व मिलवाउकी लौहा इस्पात उद्योग के प्रमुख केन्द्र हैं।
- वर्तमान में पिट्सबर्ग की तुलना में शिकागो गैरी से इस्पात का अधिक उत्पादन होने लगा है।
- शिकागो विश्व की सबसे बड़ी माँस मंडी भी है।

नोट: USA के खाड़ी तटीय औद्योगिक प्रदेश स्थित **डल्लास सूती वस्त उद्योग** का प्रमुख केन्द्र है।

134. उत्तर (1)

व्याख्या-

विश्व के प्रमुख औद्योगिक प्रदेश -

- **पो घाटी तथा लोम्बार्डी प्रदेश - इटली**
- पिरेनीज तथा फ्लेण्डर्स प्रदेश - फ्रांस
- कम्बरलैण्ड तथा नार्थम्बरलैण्ड - ब्रिटेन
- कैहिन तथा किंकी प्रदेश - जापान

135. उत्तर (3)

व्याख्या-

विश्व के प्रमुख औद्योगिक प्रदेश -

- लिवरपुल (ब्रिटेन) - सूती वस्त्र उद्योग का केन्द्र
- ब्रिस्टल (यूके) - जलयान उद्योग का केन्द्र
- **मांट्रियल (कनाडा) -अखबारी कागज उद्योग** का केन्द्र
- अलबेनी (यूएसए) - कागज उद्योग का केन्द्र

136. उत्तर (4)

व्याख्या-

पेरिस औद्योगिक प्रदेश- फ्रांस

- यह फ्रांस के उत्तरी-पश्चिमी भागों में स्थित है, तथा यह विश्व के फैशन उद्योग का सबसे बड़ा केन्द्र है।

137. उत्तर (1)

व्याख्या-

चीन स्थित प्रमुख औद्योगिक प्रदेश -



138. उत्तर (2)

व्याख्या-

विश्व के प्रमुख औद्योगिक केन्द्र-

- वेनिस (इटली) - काँच निर्माण उद्योग केन्द्र
- सेलम/सलेम (भारत) - लौह इस्पात उद्योग केन्द्र
- हैमिल्टन (कनाडा) - लौह इस्पात उद्योग केन्द्र
- मिलान (इटली का मैनचेस्टर) - सिल्क/रेशमी वस्त्र उद्योग केन्द्र

139. उत्तर (3)

व्याख्या-

जापान स्थित प्रमुख औद्योगिक केन्द्र-

1. किता-क्युशू औद्योगिक प्रदेश -

- इसके अन्तर्गत क्युशू द्वीप का उत्तरी भाग तथा होंशू द्वीप का दक्षिणी-पश्चिमी भाग आता है।
- इस प्रदेश में लौह-इस्पात उद्योग तथा जलयान उद्योग का सर्वाधिक विकास हुआ है। जिसके प्रमुख केन्द्र निम्न हैं-

♦ तोबाता ♦ कीता

- ♦ नागासाकी ♦ यवाता (जापान का पिट्सबर्ग)
- **अन्य औद्योगिक नगर**- इशिकारी, मुरारॉन।

2. टोक्यो-याकोहोम औद्योगिक प्रदेश-
- यहाँ अनेक प्रकार के मशीनी उपकरण, मोटरगाड़ी व इस्पात तथा जलपोत का निर्माण किया जाता है।

3. ओसाका-कोबे-क्योटो प्रदेश-
- यहाँ सूती वस्त्र उद्योग का सर्वाधिक विकास हुआ है, जिसके प्रमुख केन्द्र यह तीनों नगर ओसाका, कोबे व क्योटो हैं।
- ओसाका को जापान का मैनचेस्टर भी कहा जाता है।

4. नगोया औद्योगिक प्रदेश-
- यहाँ मुख्य औद्योगिक नगर नगोया है जिसमें ऊनी वस्त्र तथा मोटर गाड़ी उद्योग का विकास हुआ है।
- मोटरगाड़ी उद्योग के कारण नगोया को जापान का डेट्रायट भी कहा जाता है।

140. उत्तर (1)

व्याख्या-

जापान स्थित प्रमुख औद्योगिक केन्द्र-

(1) टोक्यो-याकोहोम औद्योगिक प्रदेश-यह होंशु द्वीप पर क्वांटो मैदान में स्थित है।

(2) ओसाका-कोबे-क्योटो प्रदेश- यह होंशू द्वीप पर ही किंकी मैदान में स्थित है।

(3) नगोया औद्योगिक प्रदेश- यह होन्शू द्वीप पर क्वांटो तथा किंकी मैदानों के बीच स्थित है।

(4) किता-क्युशू औद्योगिक प्रदेश- इसके अन्तर्गत क्युशू द्वीप का उत्तरी भाग तथा होंशू द्वीप का दक्षिणी-पश्चिमी भाग आता है।

141. उत्तर (3)

व्याख्या-

विश्व के प्रमुख औद्योगिक केन्द्र-
- जापान का मैनचेस्टर - ओसाका
- रूस का मैनचेस्टर - इवानोवा
- चीन का मैनचेस्टर - शंघाई
- इटली का मैनचेस्टर - मिलान

142. उत्तर (3)

व्याख्या-

विश्व के प्रमुख औद्योगिक केन्द्र तथा संबंधित उद्योग-
- सेन फ्रांसिस्को (USA) – कम्प्यूटर संबंधित उद्योग
- बर्मिंघम (U.K) – लौह इस्पात उद्योग
- सिएटल (USA) – वायुयान उद्योग
- नगोया (जापान) – मोटर कार उद्योग

143. उत्तर (3)

व्याख्या-

विश्व के प्रमुख लौह इस्पात औद्योगिक केन्द्र-
- किता-क्यूशू औद्योगिक केन्द्र - जापान
- लॉरेन औद्योगिक केन्द्र - कनाडा
- पिट्सबर्ग औद्योगिक केन्द्र - USA

नोट: USA स्थित डेट्राइट औद्योगिक केन्द्र मोटरकार उद्योग का प्रमुख केन्द्र है।

144. उत्तर (1)

व्याख्या-
- ब्रिटेन स्थित मिडलैण्ड (ब्लैक कंट्री) औद्योगिक प्रदेश इस्पात उद्योग का प्रमुख केन्द्र है।

145. उत्तर (3)

व्याख्या-

रूर औद्योगिक प्रदेश- जर्मनी, यह राइन की सहायक रुर नदी के बेसिन में स्थित है, यहाँ लौह इस्पात उद्योग व मोटरगाड़ी उद्योग का विकास हुआ है। जिसके मुख्य केन्द्र निम्न है- एसेन, बोखम, डार्टमुण्ड तथा डूसेलडॉर्फ।

146. उत्तर (1)

व्याख्या-

विश्व के प्रमुख औद्योगिक प्रदेश तथा उनकी अवस्थिति-
- केण्टन प्रदेश (चीन) - मशीनी उपकरण एवं जलयान निर्माण उद्योग केन्द्र
- पिट्सबर्ग (USA) - लौह इस्पात उद्योग केन्द्र जो विश्व जंग का कटोरा के रूप में प्रसिद्ध स्थल है।
- नागोया प्रदेश (जापान) - ऊनी वस्त्र एवं मोटरगाड़ी उद्योग का केन्द्र
- रोन साओन घाटी (फ्रांस) - सिल्क/रेशमी वस्त्र उद्योग का केन्द्र

कलाम ACADEMY

147. उत्तर (4)

व्याख्या-

विश्व के प्रमुख औद्योगिक केन्द्र, प्रमुख नगर तथा उनसे संबंधित उद्योग-

- इटली के पोघाटी औद्योगिक प्रदेश स्थित तूरीन ऑटोमोबाइल उद्योग का प्रमुख केन्द्र है।
- फ्रांस के पिरेनीज औद्योगिक प्रदेश स्थित टोलूज वायुयान उद्योग का प्रमुख केन्द्र है।
- ब्रिटेन के यार्क शायर औद्योगिक प्रदेश स्थित शेफील्ड छूरी, कैंची व कांटा उद्योग का प्रमुख केन्द्र है।
- ब्रिटेन स्थित **लंकाशायर औद्योगिक प्रदेश** स्थित मैनचेस्टर तथा लीवरपुल **सूती वस्त्र उद्योग** का प्रमुख केन्द्र है।

148. उत्तर (1)

व्याख्या-

संयुक्त राज्य अमेरिका स्थित प्रमुख औद्योगिक केन्द्र-



149. उत्तर (3)

व्याख्या-

विश्व के प्रमुख औद्योगिक केन्द्र-

- पिट्सबर्ग (USA) - लौह एवं इस्पात उद्योग
- डेट्रायट (USA) - मोटर गाड़ी उद्योग
- हैम्बर्ग (जर्मनी) -जलयान निर्माण उद्योग
- ओसाका (जापान) - वस्त्र उद्योग

150. उत्तर (4)

व्याख्या-

ब्रिटेन के प्रमुख औद्योगिक प्रदेश-



नोट: शिकागो गैरी औद्योगिक प्रदेश अर्थात् मिशिगन झील प्रदेश USA में स्थित है।